S.S.C. PUBLIC EXAMINATIONS,
MARCH - 2019
SECOND LANGUAGE - HINDI
Principles of Valuation (जाँच के नियम)

सामान्य निर्देश :

(1) मूल्यांकन के लिए सन्नद्ध होने से पहले पूरा प्रश्नपत्र ध्यान से पढ़ें ।

(2) निष्पक्ष भाव से मूल्यांकन करें ।

(3) उत्तर पुस्तिकाओं की जाँच हेतु केवल लाल स्याही का ही प्रयोग करें ।

(4) प्रश्नों के योगांक और पृष्ठों के योगांक अक्षरों में भी लिखें ।

(5) प्रश्नों के लिए प्राप्तांक उत्तर - पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर निर्धारित जगह पर प्रश्न की क्रमसंख्या के सामने लिखें ।

(6) उत्तर - पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर कुल अंक जोड़ने पर यदि योगांक ½ आए तो ½ अंक जोड़कर पूर्णांक करें, हस्ताक्षर करें और सहाय परीक्षक की क्रमसंख्या भी लिखें ।

(7) गलतियों को और उत्तर की अपूर्णता को रेखांकित करें ।

(8) बारह गलतियों केलिए एक (1) अंक काटें । गलतियों केलिए काटेजाने वाले अंक 25% से अधिक न हो ।

(9) वैकल्पिक प्रश्नों में से अतिरिक्त प्रश्नों के उत्तर लिखने पर उन जवाबों को भी जाँचें । अधिक अंक वाले उत्तर स्वीकार करें । कम अंकवाले उत्तर पर 'अतिरिक्त' लिखें ।

(10) ¾ अंक या ¼ अंक प्रदान न करें । असंबद्ध उत्तर देने पर ''0'' प्रदान करें और 'असंबद्ध' लिखें ।

(11) स्पष्टता, मौलिकता और रचनात्मकता को प्रमुखता दें ।

(12) विषय से संबंधित अन्य विवरण देने पर भी अंक प्रदान करें ।

(13) मूल्यांकन करने से पहले अंक योजना और मुख्य परीक्षक की सूचनाओं पर ध्यान दें ।

(14) उत्तर पूर्णतया पढ़कर अंत में ही अंक प्रदान करें ।

(15) वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र भी इसके साथ संलग्न है । अतएव वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर भी ध्यान दें ।

PART - A (Marks 60)

I. प्रत्येक भाग (1, 2, 3, 4) के लिए पाँच अंक निर्धारित हैं । 5 × 1 = 5 अंक

1. 1) देश को एकता के सूत्र में बाँधने के लिए एक भाषा की आवश्यकता है।

2) आज हमें एक से अधिक भाषाएँ सीखना ज़रूरी है।

3) हिंदी से हम सारे भारत को पहचान सकते हैं।

4) महत्वहीन

5) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी

2. 1) – C **5 × 1 = 5 अंक**

2) – B

3) – A

4) – C

5) – A

3. 1) हमें श्रम जल देने वालों (श्रमिक) को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए। **5 × 1 = 5 अंक**

2) श्रमिक को सुख पाने का पहला अधिकार है।

3) जन-जन या श्रमिक

4) ई

5) डॉ. रामधारी सिंह दिनकर

4. 1) – C **5 × 1 = 5 अंक**

2) – A

3) – B

4) – B

5) – C

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए । 6 × 3 = 18 अंक

प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक विभाजन :

1) विषय - 2 अंक

2) भाषा (वाक्य निर्माण क्रम और वर्तनी की शुद्धता) - 1 अंक

कुल - 3 अंक

5 कृष्णोपासक कवयित्री मीराबाई के बारे में आप क्या जानते हैं ?

उत्तर : ⁕ कृष्णोपासक कवियों में मीराबाई श्रेष्ठ मानी जाती है ।

⁕ मीराबाई की भक्ति भावना माधुर्य भरित है ।

⁕ वह श्रीकृष्ण को अपना पति मानती है ।

⁕ इनके पद मीराबाई पदवाली के नाम से संग्रहित हैं ।

6. वर्षा के समय प्रकृति की सुंदरता बढती है। कैसे ?

उत्तर : ⁕ वर्ष ऋतु में प्रकृति हरी भरी और बहुत सुंदर होती है ।

⁕ कोयल कूकने लगते हैं, दादुर दर्राते हैं और मोर नाचते हैं ।

⁕ सावन के मेघ बरसते हैं । वर्षा के समय सुंदर इंद्रधनुष झूले की तरह दीखता है ।

⁕ तालाब, नदियाँ, जलाशय आदि पानी से भर जाते हैं ।

⁕ चारों ओर हरियाली छा जाती है ।

7. ईद के दिन हामिद बहुत खुश था। क्यों ?

उत्तर : ⁕ हामिद चार-पाँच साल का दुबला-पतला लडका था ।

⁕ वह तो एक नादान एवं निर्मल दिल का बालक था ।

⁕ वह समझता था कि अब्बाजान रूपये कमाकर खिलौने और अम्मीजान अल्ला मिया के घर से बहुत चीज़ें लाने गये हैं ।

⁕ पाँव में जूते नहीं होने पर भी इसी आशा से ईद के दिन खुश था ।

8. बाबा गंगादास ने लक्ष्मीबाई से क्या कहा था ?

उत्तर : ⁕ बाबा गंगदास ने कहा था कि विलासप्रियता छुआ छूत और ऊँच-नीच का भेद भाव रहने से स्वराज्य नहीं मिल सकता।

⁕ स्वराज्य केवल सेवा, तपस्या और बलिदान के द्वारा मिलता है।

⁕ स्वराज्य प्राप्ति से बढ़कर स्वराज्य की नीव का पत्थर बनने को कहता है।

9. ''प्रार्थना करने वाले होंठों से सहायता करनेवाले हाथ कहीं अच्छे हैं।'' - पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : ⁕ मदर तेरेसा ने अपने जीवन में कथनी से कहीं करनी को अधिक महत्व दिया।

⁕ परोपकार के पथ पर चलने वालों को ही वास्तविक जीवन मिलता है।

⁕ दूसरों के कष्टों को देखकर सिर्फ़ दया दिखाने से बढ़कर हाथ बढ़ाना उचित है।

⁕ इसी कारण प्रार्थना करनेवाले होंठों से सहायता करने वाले हाथ कहीं अच्छे हैं।

10. अरुणा की ममता पर अपने विचार बताइए ?

उत्तर : ⁕ अरुणा ममता की बडी मूर्ति है।

⁕ वह अपनी सहेली चित्रा से बेहद प्यार करती है।

⁕ गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाती है। बाढ़ से पीडित लोगों की मदद करने केलिए चंदा जमा करती है।

⁕ भिखारिन के मर जाने पर उसके दो अनाथ बच्चों को गोद लेती है।

⁕ अपने बच्चों की तरह उनका पालन पोषण करती है और एक अच्छी जिंदगी दिला देती है।

III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए। **1 × 6 = 6 अंक**

अंक विभाजन :

1)	कविता का शीर्षक और कवि / कवयित्री का नाम	-	1 अंक
2)	विषय वस्तु	-	4 अंक
3)	भाषा-शैली	-	1 अंक
		कुल -	**6 अंक**

(11) ''भारत की संस्कृती सारे विश्व को लुभाती है''- इस कथन को हम भारतवासी पाठ के द्वारा स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : ''हम भारतवासी'' कविता के कवि डॉक्टर ''आर.पी. निशंक'' हैं।

- उन्होंने इस कविता के माध्यम से भारतीय संस्कृति की गरिमा के बारे में बताई हैं।
- भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनाने की कामना करते हैं।
- उनके मन श्रद्धा और प्रेम की भावनाओं से भरे हुए हैं।
- भारतवासी पूरे विश्व में ऊँच नीच का भेद मिटाकर सम भाव लाना चाहते हैं।
- नफरत एवं द्वेष भावना रूपी कुहासा तोड़कर जग में अमृत बरसाने की आशा रखते हैं।
- सही मार्ग से भटकनेवालों को राह दिखाकर उनके जीवन में प्रकाश लाना चाहते हैं।
- भारतवासियों के अंदर सत्य, अहिंसा, त्याग और समर्पण की भावनाएँ निहित हैं।
- जग में व्याप्त सारी चिंताओं को मिटाकर, धरती को स्वर्ग बनाना ही उनका लक्ष्य है।
- सम्पूर्ण विश्व के साथ बंधुत्व की भावना भारत वासियों का विशेष गुण है।
- उपरोक्त विशेषताओं के कारण भारतीय संस्कृति विश्व को लुभाती है ।

विशेष सूचना : विषय से संबंधित अन्य विवरण देने पर भी अंक प्रदान करें ।

(12) नैतिक गुणों के विकास में बिहारी के दोहे कैसे सहायक हैं? बिहारी के दोहों के द्वारा स्पष्ट कीजिए।

उत्तर : रीति कालीन कवियों में बिहारी का स्थान महत्वपूर्ण है ।

- उनके दोहे उपदेशात्मक एवं नीतिपरक होते हैं ।
- उनके बारे में ''गागर में सागर भरने'' की उक्ति प्रचलित है ।
- पहले दोहे के माध्यम से उन्होंने लालच की भावना को दूर करने का उपदेश दिया ।
- सोने को इकट्ठा करने का गुण नुकसानदायक है ।
- सोने में धतूरे से बढ़कर अधिक मादकता है ।
- धतूरा खाकर मानन थोडे समय के लिए मदहोश हो जाता है ।
- लेकिन सोने (कनक) की लालच उसे हमेशा के लिए पागल बना देती है ।
- दूसरे दोहे में उन्होंने विनय भावना के महत्व के बारे में बताया ।
- उन्होंने कहा कि आदमी की गति नल के नीर के नीर के समान होना चाहिए ।
- नल का नीर जितने नीचे से निकलता है, उतना गतिमान होता है ।
- इसी प्रकार विनम्रता के साथ जो आगे बढ़ेगा वहीं उच्चस्थान प्राप्त कर सकेगा ।
- इस प्रकार बिहारी के दोहे नैतिक मूल्यों को विकसित करने में भी सहायक हैं ।

विशेष सूचना : विषय से संबंधित अन्य विवरण देने पर भी अंक प्रदान करें ।

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए । 1 × 6 = 6 अंक

अंक विभाजन :

1)	पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम	-	1 अंक
2)	विषय-वस्तु	-	4 अंक
3)	भाषा - शैली	-	1 अंक
		कुल -	**6 अंक**

(13) अग्निपुत्री टेसी थाँमस के जीवन से बच्चों को किस प्रकार की प्रेरणा मिलती है? स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर : शीर्षक का नाम : ''धरती के सवाल अंतरिक्ष के जवाब''।

- टेसी थाँमस भारत की प्रथम मिजाइल वुमन थी ।
- टेसी थाँमस डी. आर. डी. ओ के अग्नि - 5 कार्यक्रम की निदेशक बनीं ।
- टेसी थाँमस को भारत सरकार ने 'अग्नि पुत्री' की उपाधि से सम्मानित किया ।
- टेसी थाँमस अब्दुल कलाम को अपना गुरू मानती हैं। कलाम जी के नेतृत्व में अग्नि मिजाइल अभियान सफल हुआ ।
- बच्चों के लिए टेसी थाँमस ने इस प्रकार संदेश दिया - ''बच्चे जो भी पढ़े, ध्यान से पढ़े। मेहनत करें । लक्ष्य प्राप्ति करने तक रूके नहीं ।''
- टेसी थाँमस की इन बातों से बच्चों के अंदर परिश्रम, लगन एवं लक्ष्य में सफलता की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

विशेष सूचना : विषय से संबंधित अन्य विवरण देने पर भी अंक प्रदान करें ।

(14) ग्रामीण जनता के गीतों का वर्णन लोकगीत पाठ में कैसे प्रस्तुत किया गया है?

उत्तर : पाठ का नाम : ''लोकगीत'' ।

लेखक का नाम : ''श्री भागवतशरण उपाध्याय'' ।

- देश के गाँवों और देहातों में वास्तविक लोकगीतों का परिचय मिलता है ।
- ये घर, गाँव और नगर की जनता के गीत हैं ।
- चैता, कजरी, बारहमासा, सावन, हीर-राँझा, सोहनी-महीवाल आदि गीत गाँवों में बड़े चाव से गाये जाते हैं ।
- पंजाब में माहिया, बाउल और भतियाली बंगाल के, भोजपुरी में बिदेसिया, बुंदेलखंडी में आल्हा, गुजरात का 'गरबा' आदि लोकप्रिय लोकगीत हैं ।
- इनके गीत और नाच अधिकतर साथ-साथ और बड़े-बड़े दलों में गाये और नाचे जाते हैं ।
- ये गाँवों और इलाकों की बोलियों में गाये जाते हैं ।
- ये ढोलक, झाँझ, करताल, बाँसुरी की मदद से गाये जाते हैं ।
- इनसे लोगों में उल्लास व उत्साह का संचार होता है ।

विशेष सूचना : विषय से संबंधित अन्य विवरण देने पर भी अंक प्रदान करें ।

V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए । **1 × 5 = 5 अंक**

15. किसी एक ऐतिहासिक यात्रा का वर्णन करते हुए मित्र के नाम पत्र लिखिए।

16. आपके नगर में सफाई सुचारू रूप से नहीं हो रहा है। बीमारियाँ फैलने की आशंका है। इस कारण को बताते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।

अंक विभाजन :

1) स्थान	-	½ अंक
2) दिनांक	-	½ अंक
3) प्रेषक	-	½ अंक
4) सेवा में	-	½ अंक
5) संबोधन	-	½ अंक
6) विषय- वस्तु	-	1½ अंक
7) समाप्ति	-	½ अंक
8) भाषा और शैली	-	½ अंक
	कुल -	**5 अंक**

VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । **1 × 5 = 5 अंक**

17. **मानव सभ्यता के विकास में 'कंप्यूटर' की उपयोगिता पर एक निबंध लिखिए।**

18. **''खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है।'' खेलों के महत्व पर निबंध लिखिए।**

अंक विभाजन :

1)	भूमिका	-	½ अंक
2)	विषय-प्रवेश	-	½ अंक
3)	विषय-विश्लेषण	-	2 अंक
4)	निष्कर्ष /उपसंहार	-	1 अंक
5)	भाषा और शैली	-	1 अंक
		कुल -	**5 अंक**

PART - B

20 × 1 = 20 अंक

(1)	-	B	(11)	-	C
(2)	-	A	(12)	-	A
(3)	-	B	(13)	-	C
(4)	-	A	(14)	-	A
(5)	-	B	(15)	-	B
(6)	-	A	(16)	-	A
(7)	-	B	(17)	-	B
(8)	-	C	(18)	-	A
(9)	-	B	(19)	-	B
(10)	-	A	(20)	-	A